# महोबा पुलिस

दिनांकः- 10.02.2021

सोशल मीडिया सेल

## अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा महोबा भ्रमण के दौरान पुलिस कार्यालय अवस्थित सभी शाखाओं का निरीक्षण कर दिये गये आवश्यक निर्देश...।

### महोदय द्वारा पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों के साथ सैनिक सम्मेलन कर सभी की समस्याओं को सुना गया व निस्तारण हेतु आदेशित किया गया

आज दिनांक 10.02.2021 को श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज -- श्री प्रेम प्रकाश महोदय द्वारा जनपद महोबा का भ्रमण/निरीक्षण के निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा पहुंचे, जहां मौजूद सलामी गार्द द्वारा महोदय को सलामी दी गयी महोदय द्वारा सलामी लेने के पश्चात पुलिस कार्यालय महोबा में अवस्थित सभी शाखाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कोविड केयर हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया व आने-जाने वाली सभी आगन्तुकों से सम्बन्धित रजिस्टर को चेंक कर अंकन किया गया।



शिकायत प्रकोष्ठ शाखा का निरीक्षण किया गया जहां प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी के बारे में जानकारी की गयी तथा सभी के जल्द निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश निर्गत किये। **IGRS**/कम्प्यूटर शाखा का निरीक्षण किया गया जिसमें महोदय द्वारा लम्बित प्रार्थना पत्रों पर जल्द रिपोर्ट प्रेषित किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये गये। **CCTNS** शाखा का निरीक्षण किया गया जिसमें कहा गया किसीसीटीएनएस के अन्तर्गत जितने...

...भी कार्य हों उन सभी का डाटा आनलाइन किये जाने के निर्देश दिये गये। प्रधान लिपिक शाखा के निरीक्षण में महोदय द्वारा गार्द फाइल को चेक कर शाखा की महत्वपूर्ण पत्रावलियों का अवलोकन किया गया जिसमें चरित्र पंजिका, लम्बित जांच, आदि को चेक कर सभी पत्रावलियों के रजिस्टर में अंकन करने एवं **RTI** से प्राप्त जनसूचना का ब्यौरा सम्बन्धित को समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। आंकिक शाखा का निरीक्षण करते हुये महोदय द्वारा कर्मचारियों के **TA-DA** के नक्शों को चेक किया गया तथा प्रभारी आंकिक को कर्मचारियों की वेतन विसंगति की जांच कर निर्धारित वेतन दिये जाने के निर्देश दिये गये। इस क्रम में महोदय द्वारा सभी शाखाओं के अभिलेखों को निरीक्षण कर खराब पडे पुराने सामान को लिस्ट बनाकर कण्डम कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को आदेशित किया गया। तत्पश्चात बाद पुलिस कार्यालय निरीक्षण के महोदय द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले पुलिस कर्मियों के साथ सैनिक सम्मेलन में शामिल होने के लिये प्रस्थान किया गया।



# महोबा पुलिस



श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज—श्री प्रेम प्रकाश महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा का भ्रमण/निरीक्षण करने के बाद पुलिस अवस्थित सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन में जनपद महोबा में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को सुना गया, इस सम्मेलन में प्रत्येक थाने से 2-2 आरक्षी, सभी शाखाओं के शाखा प्रभारी, 1-1 आरक्षी फायर सर्विस, स्थानीय अभिसूचना इकाई, रेडियो शाखा के प्रभारी व 2-2 कर्मी प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा के सभी लिपिक उपस्थित रहे। उक्त सैनिक सम्मेलन में महिला/पुरुष आरक्षी की उपस्थिति बराबर रखी गयी जिससे सभी की समस्याओं को सुना जा सका व निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश देते हुये कहा गया कि जनपद के प्रत्येक थाने में प्रत्येक माह थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी द्वारा सैनिक समस्याओं के दृष्टिगत सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया जाये जिसमें सम्बन्धित सर्किल ऑफिसर (**CO**) भी सम्मिलित होंगे।

इसी क्रम में महोदय द्वारा जनपद के प्रत्येक थाने में संचालित महिला हेल्प डेस्क का फीडबैक लेने के निर्देश दिये गये तथा कहा गया कि महिला हेल्प डेस्क में 24 घण्टे महिला अधिकारी की ड्युटी सिफ्टवार लगायी जाये किसी भी कारण महिला हेल्प डेस्क को खाली न रहने दिया जाये जिस हेतु ही महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हो सके।

इसी क्रम में महोदय द्वारा आगामी पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुये कहा कि पंचायत चुनाव में खलल डालने वालों को चिन्हित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिस क्रम में प्रहरी ऐप, बीट बुक तथा बीट बुक की जांच ज्यादा से ज्यादा आरक्षियों से कराये जाने के आदेश दिये गये जिसमें कहा गया कि सभी आरक्षी अपनी खुद की एक मोहर बनवा लें। शस्त्र रिपोर्ट आरक्षी से भी लगवाने के निर्देश दिये गये । एक पुलिस-एक अपराधी के तहत अपराधियों की निगरानी सुनिश्चित की जाये जब भी कहीं दबिश देने जायें तब उस क्षेत्र के बीट आरक्षी की मौजूदगी भी निश्चित रहे। हिस्ट्रीशीटरों के सम्बन्ध में फर्द अ और ब ज्यादा से ज्यादा कटवायी जाये। जिन थानों में चौकीदार के पद रिक्त हैं उन सभी थाना क्षेत्रों में चौकीदार की नियुक्त कर ली जाये।

महोदय के जनपद महोबा भ्रमण/निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री राजकुमार पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री रामप्रवेश राय व अन्य सभी थानों/शाखाओं के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।







## थाना कुलपहाड पुलिस टीम ने हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे अभियुक्तों को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के दृष्टिगत दिनाँक **09.02.2021** को थाना कुलपहाड प्रभारी निरीक्षक श्री रविन्द्र कुमार तिवारी के द्वारा गठित टीम जिसमें चौकी प्रभारी बेलाताल उ0नि0 श्री अनमोल सिंह के नेतृत्व में मय हमराही कर्मचारी गण की मदद से 07 नफर अभियुक्तगणों को मय मालफड़ **1100**/- रूपये मय 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी **700**/- रुपये घटनास्थल खण्डहर पर अथाई के पास मु0 बेरपुरा कस्बा बेलाताल से हार-जीत की बाजी लगाते गिरफ्तार किया गया। जिस पर अभियुक्तों विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 37/2021 धारा 13 जुआ अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण...।

1 तौहीद पुत्र बलि मोहम्मद उम्र करीब 24 वर्ष नि0 मु0 बजरिया कस्बा बेलाताल
2. राजू श्रीवास पुत्र कालीचरण उम्र करीब 35 वर्ष नि0 मु0 बजरिया कस्बा बेलाताल
3. कामता रैकवार पुत्र हल्के उम्र करीब 21 वर्ष नि0 मु0 खंदियापुरा कस्बा बेलाताल
4. महेश अहिरवार पुत्र सिद्धगोपाल उम्र करीब 35 वर्ष नि0 मु0 बेरपुरा कस्बा बेलाताल
5. नसरूद्दीन पुत्र सल्लू उम्र करीब 28 वर्ष नि0मु0 जुगियाना कस्बा बेलाताल
6. राजेश अनुरागी पुत्र बल्दू उम्र करीब 28 वर्ष निवासी मु0 दरेरापुरा कस्बा बेलाताल
7. जीतेन्द्र वर्मा पुत्र रघुवीर उम्र करीब 19 वर्ष नि0मु0 बेरपुरा कस्बा बेलाताल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### बरामदगी का विवरणः-

अभियुक्त गण के कब्जे से मालफड़ **1100**/- रूपये मय 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी **700**/- रुपये बरामद होना।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम...थाना कुलपहाड

1.उ0नि0 अनमोल सिंह(चौकी प्रभारी बेलाताल)
2.कां0 रोहित कुमार 3.कां0 भूपेन्द्र सिंह 4.कां0 पवन कुमार
5.कां0 राहुल अग्निहोत्री 6.कां0 शिवम मौर्या 7.चालक हे0कां0 सूरज सिंह



## थाना अजनर पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।



पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड अभियान के दृष्टिगत आज दिनाँक 10.02.2021 को थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक श्री श्याम प्रताप पटेल द्वारा गठित टीम ने अभियान में शामिल होकर मुखविर की सूचना पर अभियुक्त कुन्जीलाल राजपूत पुत्र स्व. तुलसीदास उम्र करीब 42 वर्ष को महुआबाँध तिराहा से गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से एक अदद तंमचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूश नाजायज बरामद किया गया। जिस पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु.अ.स. 30/2021 धारा 3/25 आर्म एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को मां0 न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

कुन्जीलाल राजपूत पुत्र स्व. तुलसीदास उम्र करीब 42 वर्ष नि. ग्राम बिजौरी थाना अजनर जिला महोबा

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल का विवरण-

1. उ.नि. हरिश्चन्द्र मिश्रा थाना अजनर जनपद महोबा
2. का. राममिलन थाना अजनर जनपद महोबा
3. का. चन्दन पांचाल थाना अजनर जनपद महोबा

## "मिशन शक्ति" अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धी अधिकारों के प्रति किया जागरुक...।

उ0प्र0 शासन व उ0प्र0 पुलिस के द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरुक किये जाने हेतु चलाये जा रहे महाभियान *मिशनशक्ति* के तहत आज दिनाँक 10.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में जनपद में संचालित हो रहे **"मिशन शक्ति"** महाभियान कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी मिशन शक्ति निरीक्षक रचना सिंह मय टीम के साथ ॐ सरस्वती ज्ञान मन्दिर इण्टर कालेज, महोबा में प्रधानाचार्य राजेश कुमार अवस्थी की मौजूदगी में आयोजित मिशनशक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित बालिकाओं को नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व नारी सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा उन्हे हेल्पलाइन नम्बरों- वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, आपातकाल सेवा-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108 एवं सभी को जनपद के प्रमुख अधिकारियों के सीयूजी नंबरो के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हे साइबर अपराध एवं महिला कानूनो की भी जानकारी दी गई।

साथ ही टीम द्वारा मौजूद छात्रों को लड़कियों पर छीटाकशी/छेड़खानी करने व महिला सम्बन्धी अपराध करने से बचने की सलाह दी गई। उन्हे बताया गया कि कानून सभी के लिए बराबर है। बाल अपराध के खिलाफ भी कार्यवाही होगी। किसी भी विद्यार्थी को कोई परेशानी होने पर तुरन्त चाइन्ड केयर नं0 1098 पर फोन कर सकते हैं।



## सडक सुरक्षा-जीवन रक्षा... स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन कर चालकों का नेत्र परीक्षण कराया गया

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन पर तथा क्षेत्राधिकारी यातायात श्री कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात महोबा अरविन्द मिश्रा द्वारा मय टीम तथा ARM महोबा श्री हेमन्त मिश्रा व रोडवेज कर्मियों के सहयोग से आज दिनांक 10.02.2021 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रम के क्रम में रोडवेज बस स्टैण्ड पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, आयोजित शिविर में नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा चालकों का नेत्र परीक्षण कराया गया तथा सभी को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुये नियमित रुप से नेत्र परीक्षण कराते रहने की अपील की गयी।

जागरुक करते हुये कहा गया कि ट्रैफिक के सामान्य नियमों के पालन से बडी संख्या में दुर्घटनाओं को रोंका जा सकता है। अधिकतर दुर्घटनाओं का कारण असावधानी अथवा मानवीय भूल होती है। इसी क्रम में कहा कि नशे में ड्राइविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल, ओवर स्पीड, सीट बेल्ट न पहनना जैसी छोटी गलतियां दुर्घटना का सबब बनती हैं। यातायात पुलिस सडक सुरक्षा को लेकर पूरी गम्भीरता के साथ कार्य कर रही है जिसमें यातायात टीम द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलायी जा रही है।














दिनांकः- 10.02.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा पैदल गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई....।









आज दिनाँक 10.02.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में सीओ कुलपहाड़ श्री रामप्रवेश राय मय कुलपहाड़ पुलिस फोर्स के साथ कस्बा कुलपहाड़ गस्त के दौरान क्षेत्र के मोहल्ले/मुख्य बाजार/बस-स्टैण्ड, होटल, ढाबा आदि की संघन चेकिंग की गई । इसके साथ ही बार्डर के थानों द्वारा बैरियर लगाकर आने-जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई । **कोविड-19** का पालन कराये जाने तथा यातायात नियमो का उल्लंघन करने पर **18 वाहन चालको से 2200/-रू0 शमन शुल्क व 32 ई-चालान किये गये।**